# प्रेस नोट जनपद रामपुर
# दिनांक 30.11.2021

twitter-@rampurpolice FB-रामपुर पुलिस
Telegram-@rampurpolice

01-यातायात पुलिस द्वारा छात्राओं को दी गयी जानकारी तथा वाहन चालको को यातायात जागरूकता सम्बंधी पम्पलेट वितरित किये गये

श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर डां0 संसार सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात महोदय के मार्गदर्शन में यातायात माह नवम्बर-2021 के समापन के अवसर पर आज दिनांक 30-11-2021 को राजकीय इंटर कॉलेज में यातायात प्रभारी सुमित कुमार व यातायात पुलिस टीम द्वारा छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति व ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा छात्राओं को यातायात की जानकारी देते हुए बताया गया कि हमेशा यातायात के नियमों का पालन करे। रांग साईड न चले, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेल्मेट का प्रयोग करे आदि जानकारी देते हुए, ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण से होने वाले हानियों के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र के मुख्य-मुख्य चौराहे पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए, यातायात जागरूकता सम्बंधी पम्पलेट भी वितरित किये गये।

02-थाना शाहबाद-दहेज हत्या में पति गिरफ्तार

श्री अफगान खॉ पुत्र श्री सुल्तान खॉ निवासी ग्राम एचोरा थाना पटवाई, रामपुर की पुत्री फात्मा की शादी सद्दाम पुत्र रियाजुददीन निवासी ग्राम ओसी थाना शाहबाद, रामपुर के साथ हुई थी। शादी के उपरान्त उसकी बहन को उसका पति सद्दाम व ससुराल के अन्य लोग दहेज के लिए प्रताडित करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर दिनांक 10-08-2021 को फात्मा की हत्या कर दी गयी। इस सम्बंध में थाना शाहबाद, रामपुर पर मु0अ0सं0-352/21 धारा 498ए,304बी भादवि व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम बनाम सद्दाम आदि 03 नफर पंजीकृत हुआ था। आज दिनांक 30-11-2021 को थाना शाहबाद, रामपुर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त सद्दाम पुत्र रियाजुददीन निवासी ग्राम ओसी थाना शाहबाद, रामपुर को ओसी चौराहे से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।

03-थाना मिलकः-मारपीट, गाली गलौच तथा गम्भीर रूप से घायल करने में एक अभियुक्त गिरफ्तार-

दिनांक 01-10-2021 वादी श्री कुलदीप पुत्र सर्वेश नि0 बरागजेजा थाना मिलक, रामपुर द्वारा थाना मिलक, रामपुर पर सूचना दी कि श्यामलाल आदि 04 अभियुक्तगण द्वारा वादी व उसके चाचा विरेश के साथ मारपीट, गाली गलौच की गयी। इसी दौरान वादी के चाचा के सिर में गम्भीर चोट आयी थी। इस सम्बंध में थाना मिलक, रामपुर पर मु0अ0सं0-377/21 धारा 323,504,325,308 भादवि का अभियोग पंजीकृत हुआ था। आज दिनांक 30-11-2021 को थाना मिलक, रामपुर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वॉछित चल रहे अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-

01-श्यामलाल पुत्र सुमेरी लाल निवासी ग्राम बर्रा गजेजा थाना मिलक, रामपुर।

02-संतोष पुत्र सुमेरी लाल निवासी ग्राम बर्रा गजेजा थाना मिलक, रामपुर।

03-रोहिताश पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम बर्रा गजेजा थाना मिलक, रामपुर।

04-कमल पुत्र श्यामलाल ग्राम बर्रा गजेजा थाना मिलक, रामपुर।

04-थाना बिलासपुरः-200 ग्राम चरस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 30-11-2021 को थाना बिलासपुर, रामपुर पुलिस द्वारा गुलफाम पुत्र मेहन्दी हसन निवासी मोहल्ला सिंघाडियान कस्बा व थाना केमरी, रामपुर को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 200 ग्राम चरस नाजायज बरामद हुई। इस सम्बंध में थाना बिलासपुर, रामपुर पर सुसंगत धाराओं मेंें अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

05-थाना भोटः-एक अद्द नाजायज तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 30-11-2021 को थाना भोट, रामपुर पुलिस द्वारा आरिफ पुत्र जुम्मा निवासी ग्राम धनुपुरा थाना भोट, रामपुर को धनुपुरा चौराहे से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक अद्द नाजायज तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना भोट, रामपुर पर मु0अ0सं0-207/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

06-थाना भोटः-एक अद्द नाजायज तमंचा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार-दिनांक 30-11-2021 को थाना भोट, रामपुर पुलिस द्वारा परवेश पुत्र बब्लू निवासी ग्राम तालकपुर थाना भोट, रामपुर को पंजाबी पोटली ढाबा के पास से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक अद्द नाजायज तमंचा 12 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना भोट, रामपुर पर मु0अ0सं0-208/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

06-थाना भोटः-एक अद्द नाजायज तमंचा 12 मय 01 जिन्दा कारतूस के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार-

दिनांक 30-11-2021 को थाना भोट, रामपुर पुलिस द्वारा रामचरण उर्फ डब्ल्यू पुत्र ठकरी निवासी ग्राम जिठनिया शर्की थाना भोट, रामपुर को पत्थरखेडा तिराहे से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक अद्द नाजायज तमंचा 12 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना भोट, रामपुर पर मु0अ0सं0-209/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

07-थाना भोटः-30 लीटर नाजायज शराब खाम के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 30-11-2021 को थाना भोट, रामपुर पुलिस द्वारा जमाल पुत्र नवीजान निवासी खोदपुरा थाना भोट, रामपुर को गुजरैला को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 30 लीटर नाजायज शराब खाम बरामद हुई। इस सम्बंध में थाना भोट, रामपुर पर मु0अ0सं0-205/21 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

08-थाना भोटः-सटटे की खाईबाडी करते हुए एक 01 अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 30-11-2021 को थाना भोट, रामपुर पुलिस द्वारा सट्टे की खाईबाडी करते हुए जमाल जहांगीर हुसैन पुत्र इरशाद हुसैन निवासी ग्राम खोदपुरा थाना भोट, रामपुर को खौदपुरा की पुलिया से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 1130 रूपये, सट्टा पर्चा, गत्ता, पैन बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना भोट, रामपुर पर मु0अ0सं0-206/21 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी

09-थाना बिलासपुरः-वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 30-11-2021 को थाना बिलासपुर, रामपुर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त पप्पू पुत्र पूरनमासी राजभर निवासी गुलडिया टोला थाना बिलासपुर, रामपुर को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयीं।